Regarding need for inclusion of Ayurveda and Ayush System under Ayushman Bharat Scheme-laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** आयुर्वेद भारत की पारंपरिक और समय-सिद्ध चिकित्सा पद्धति है, और इसे आयुष्मान भारत में शामिल करने से उन करोड़ों लोगों को लाभ मिलेगा जो वर्तमान में इन उपचारों का खर्च वहन नहीं कर पाते हैं । आयुष पद्धतियां, जैसे कि आयुर्वेद और योग, निवारक स्वास्थ्य (Preventive Healthcare) पर जोर देती हैं, जिससे बीमारियों को रोकने और लोगों के समग्र स्वास्थ्य (Holistic Health) को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी । देश के हर नागरिक को, विशेष रूप से गरीब और वंचितों को, अपनी पसंद की चिकित्सा पद्धति से इलाज कराने का समान अधिकार मिले । आयुष्मान भारत में शामिल होने से आयुर्वेदिक अस्पतालों और चिकित्सकों को मान्यता और प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे इस क्षेत्र का विकास होगा और देश में चिकित्सा पर्यटन (Medical Tourism) को बढ़ावा मिलेगा । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस क्रम मे सकारात्मक कदम उठाये जाये । धन्यवाद ।